फा. सं. 48013/1/2012-मा. (समन्वय),वॉल्यूम- III (ई-3595 )
भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

चंद्रलोक बिल्डिंग, प्रथम तल
36, जनपथ, नई दिल्ली
दिनांक 24 फरवरी, 2023

**कार्यालय ज्ञापन**

विषयः **मत्स्यपालन विभाग द्वारा जनवरी, 2023 माह के के दौरान किए गए मुख्य गतिविधियों और महत्वपूर्ण निर्णयों का मासिक सार मंत्रिमंडल सचिवालय को परिचालित करने के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को उपर्युक्त विषय पर मंत्रिमंडल सचिवालय के दिनांक 19 अगस्त, 2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/26/1/2018-कैब का संदर्भ लेने और इसके साथ जनवरी, 2023 माह के लिए मत्स्यपालन विभाग का मासिक सारांश परिचालित करने का निदेश हुआ है जिसमें की गई प्रमुख गतिविधियां,महत्वपूर्ण निर्णय और मंत्रिमंडल/मंत्रिमंडल समितियों के निर्णयों पर की गई कार्रवाई के संबंध में प्रगति सूचनार्थ संलग्न है।

संलग्नक : यथोक्त

(डॉ. एंसी मैथ्यू एनपी)
सहायक आयुक्त (मात्स्यिकी)

प्रति
मंत्रिमंडल के सभी सदस्य

**प्रतिलिपि**

1. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110001 (ध्यानार्थ : श्री भास्कर दासगुप्ता, निदेशक)
2. प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
3. राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन , नई दिल्ली
4. उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली
5. प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
6. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग के सचिव
7. सलाहकार, कृषि कार्यक्षेत्र, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली

**<u>सूचना के लिए प्रतिलिपि:</u>**

1. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री के निजी सचिव
2. मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के लिए माननीय राज्य मंत्री के निजी सचिव
3. सचिव, मात्स्यिकी के प्रधान निजी सचिव
4. अपर सचिव एवं वित्त सलहकार के प्रधान निजी सचिव
5. मत्स्यपालन विभाग के संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव
6. तकनीकी निदेशक, एनआईसी डीओएफ को विभाग की वेबसाइट पर संलग्न दस्तावेज अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

**<u>मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में जनवरी,2023 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय एवं प्रमुख उपलब्धियां</u>**

1. 36वीं परियोजना मूल्यांकन समिति (पीएसी) की बैठक 10-01-2023 को आयोजित की गई थी और छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र राज्य के संबंध में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत 896.35 करोड़ रूपये के परिव्यय की परियोजनाओं की मंजूरी के लिए सिफारिश की गई थी।

2. फिशरीज़ एण्ड एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (एफआईडीएफ) के लिए 16वीं केंद्रीय स्वीकृति और निगरानी समिति (सीएएमसी) की बैठक 11-01-2023 को आयोजित की गई थी। 297.00 करोड़ रूपये के परिव्यय वाली 11 परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया और एफआईडीएफ के अंतर्गत अनुमोदन के लिए सिफारिश की गई। इन परियोजनाओं में केरल और तमिलनाडु राज्यों में 8 मत्स्य लैंडिंग केंद्रों और 3 मत्स्यन बंदरगाहों का विकास शामिल है।

3. विभाग ने 04 और 5 जनवरी 2023 को मानेसर, हरियाणा में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) के साथ पीएमएमएसवाई के अंतर्गत प्रगति की समीक्षा करने और योजना अवधि के शेष 2 वर्ष के लिए राज्य-वार कार्य योजना तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

4. माननीय मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी, ने मेघालय का दौरा किया, पीएमएमएसवाई के अंतर्गत कार्यक्रम की समीक्षा की और 10-01-2023 को दक्षिण पश्चिम गारो हिल्स, मेघालय में योजना के लाभार्थियों के साथ बातचीत की।

5. माननीय मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी ने मत्स्यपालन विभाग में क्षमता निर्माण की योजना पर चर्चा करने के लिए 11-01-2023 को क्षमता निर्माण आयोग / कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन (सीबीसी) के साथ बैठक की अध्यक्षता की।

6. 03-01-2023 को माननीय राज्य मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी ने कोचीन पोर्ट ट्रस्ट का दौरा किया, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की और कोच्चि, केरल में मत्स्यन बन्दरगाह के आधुनिकीकरण की स्थिति की समीक्षा की।

7. विभाग ने 10-01-2023 को मत्स्यन जहाजों की निगरानी के विषय पर तटीय राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों, भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (एफएसआई), गृह मंत्रालय (एमएचए) और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के साथ एक बैठक आयोजित की और

और लंबे समय से लंबित जहाज-ट्रैकिंग सिस्टम कार्यक्रम को फास्ट ट्रैक करने के लिए आगे के कार्यों को अंतिम रूप दिया।

8. केंद्रीय योजनाओं के अंतर्गत प्रगति की समीक्षा करने के लिए 16-01-2023 को फिशरीज़ एण्ड एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (एफआईडीएफ) पर केंद्रीय सर्वोच्च समिति की बैठक हुई और इकाई लागत में संशोधन, पीएमएमएसवाई के साथ अभिसरण, एफआईडीएफ के परिचालन दिशानिर्देशों में परिवर्तन, वास्तविक और वित्तीय लक्ष्यों के पुनर्आवंटन और एफआईडीएफ योजना की अवधि बढ़ाने संबंधी कई सिफारिशें कीं।

9. एक्वाटिक एनिमल डिसीस पर राष्ट्रीय निगरानी कार्यक्रम (एनएसपीएएडी) की प्रगति की समीक्षा करने और अगले 5 वर्षों के रोडमैप को अंतिम रूप देने के लिए 23.01.2023 को एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

10. विभाग ने नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) द्वारा - "मात्स्यिकी क्षेत्र की मांग" पर अध्ययन पूरा करवाया। यह अध्ययन मत्स्य के विपणन के विस्तार के लिए विभाग को अपनी रणनीति को ठीक करने में मदद करेगा।

11. विभाग ने 30-01-2023 को कलाम सम्मेलन हॉल, ग्राउंड फ्लोर, सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली में आयोजित "स्ट्रेंगथोनिंग ऑफ आर्कीटेक्चर फॉर आफशोर सिक्यूरिटी एण्ड डिफेंस" पर अध्ययन समूह की बैठक में भाग लिया।

12. तटीय जलकृषि प्राधिकरण (सीएए) ने माह के दौरान खेतों के पंजीकरण के लिए 213 आवेदनों और एंटीबायोटिक मुक्त पदार्थों के लिए अनुपालन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए 12 एक्वा इनपुट निर्माताओं/वितरक कंपनियों के 49 आवेदनों पर कार्रवाई की।

13. केन्द्रीय मात्स्यिकी तटवर्ती इंजीनियरी संस्थान (सीआईसीईएफ) ने 18 और 19 जनवरी, 2023 को आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली जिले में प्राथमिक सर्वेक्षण किया, मत्स्यन बन्दरगाह / मत्स्य लैंडिंग केंद्र के विकास के लिए 2 साइटों की पहचान की और आंध्र प्रदेश सरकार को रिपोर्ट सौंपी।

14. भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (एफएसआई) के पांच मत्स्यन जहाजों ने भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) और उसके आसपास मात्स्यिकी संसाधनों और समुद्री स्तनपायी सर्वेक्षण कार्यक्रम के लिए खोजपूर्ण सर्वेक्षण कार्यक्रम चलाए और संचालित किए। इसके अलावा, एफएसआई के कोचीन बेस के महानिदेशक और क्षेत्रीय निदेशक ने क्रमशः 23-25 जनवरी 2023 के दौरान व्यक्तिगत रूप से और वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से

बैंकाक, थाईलैंड में मत्स्य स्टॉक मूल्यांकन पर व्यवसायियों के नेटवर्क के लिए खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) क्षेत्रीय कार्यशाला में भाग लिया।

15. राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) ने माह के दौरान 20,504 और 48,080 व्यक्तियों को कवर करते हुए 36 प्रशिक्षण और जागरूकता गतिविधियों और 210 आउटरीच गतिविधियों का आयोजन किया।

16. केन्द्रीय मत्स्य नौचालन एवं इंजीनियरी प्रशिक्षण संस्थान (सिफनेट) ने 196 मछुआरों, 19 कोस्ट गार्ड अधिकारियों और 39 प्रोफेसनल कॉलेज छात्रों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया।

17. राष्ट्रीय मात्स्यिकी पोस्ट हार्वेस्ट प्रोद्यौगिकी तथा प्रशिक्षण संस्थान (निफेट) ने माह के दौरान 1430 प्रशिक्षु दिनों सहित 172 समुद्री मछुआरा महिलाओं/पुरुषों के लिए पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

18. जन शिकायतें: मत्स्यपालन विभाग के संदर्भ में सीपीजीआरएएमएस पोर्टल के तहत शिकायतों का निपटान 31 जनवरी, 2023 तक 96% था।